## एक नजर में

### महिला से छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**सुठालिया 03 मई, सं.** क्षेत्र के एक गांव में खुले में शौच के लिए गई एक महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार, 21 वर्षीय विवाहिता ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह गुरुवार सुबह गांव के पास सरकारी बड़ली के पास खुले में शौच के लिए गई थी. इसी दौरान पहाड़गढ़ निवासी आरोपी ज्ञान सिंह पुत्र रामप्रसाद वर्मा वहां पहुंचा और बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया जबरदस्ती करने की कोशिश की. महिला के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की और घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया. सुठालिया थाना प्रभारी अनिल राहोरिया ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया है. आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

### रेलवे स्टेशन पर प्याऊ का शुभारंभ



**सारंगपुर 03 मई, सं.** नगर की धार्मिक संस्था श्याम परिवार द्वारा रविवार को रेलवे स्टेशन परिसर में आमजन की सेवा हेतु निशुल्क शीतल जल प्याऊ का राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल शुभारंभ किया. साथ ही उन्होंने कहा की यह सराहनीय पहल भीषण गर्मी में यात्रियों एवं राहगीरों को राहत प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है. इस दौरान श्याम परिवार समिति अध्यक्ष निलेश वर्मा, महेश पाटीदार, मनीष चौरसिया, प्रकाश सोनी, जुगराज विश्वकर्मा, अंशुल पुष्पद, पवन कसेरा, जितेंद्र पुष्पद सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे.

### बृजेश बजाज माहेश्वरी समाज ब्लॉक अध्यक्ष बने

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 03 मई, का.** माहेश्वरी समाज ब्यावरा ब्लॉक की नवीन कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है. जिसमें सर्व सहमति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई. बृजेश बजाज को अध्यक्ष बनाया गया है. माहेश्वरी समाज की बैठक श्री कंस्ट्रक्शन कंपनी पुराना ए.बी.रोड ब्यावरा में आयोजित की गई. जिसमें समाज की नई कार्यकारिणी का गठन कर वर्ष 2026 से 2029 तक के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया. चुनाव अधिकारी गोविंददास मोदानी उपस्थित रहे. नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर बृजेश बजाज, उपाध्यक्ष बनवारी गगरानी, मंत्री प्रदीप मुंदड़ा, संयुक्त मंत्री श्याम सुंदर चांडक, कोषाध्यक्ष महेश मोदानी, संगठन मंत्री चिराग मोदानी एवं प्रचार मंत्री सतीश माहेश्वरी को नियुक्त किया गया है. जिला सभा प्रतिनिधि संपत मोदानी, सतीश माहेश्वरी, मनमोहन चांडक, महेंद्र दुदानी, महेश मोदानी, मधुसूदन मुंदड़ा बनाए गये है. इस मौके पर पुरुषोत्तम दास मोदानी, रमेश खटोड़, द्वारका मोदानी, दीपक चांडक एवं समाजजन उपस्थित रहे.

# गरीब, बिना मां-बाप के जोड़ों को समाज ने दी ताकत

## आर्थिक, सामाजिक प्रभाव रहित 118 जोड़ों के प्रति सर्व समाज ने दिखाया अपनापन

**भैसासुर महाराज धाम पर नि:शुल्क विवाह सम्मेलन मिसाल बना चार जोड़ों का कॅरियर पर फोकस, नीट परीक्षा के कारण नहीं की शादी**



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 03 मई, का. समीपस्थ ग्राम पीपलहेला स्थित भैसासूर महाराज धाम पर रविवार को नि:शुल्क विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ. जिसमें आर्थिक, सामाजिक प्रभाव रहित, बिना मां-बाप के जोड़ो के प्रति सर्व समाज ने अपनापन दिखाते हुए उन्हें न केवल ताकत दी बल्कि उनके प्रति स्नेह का भाव रखते हुए उनके विवाह को अद्वितीय बना दिया. धाम पर आज कुल मिलाकर 118 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे.**

भैसासूर महाराज धाम पर निराश्रित और गरीब परिवार की कन्याओं का सामूहिक विवाह का कार्यक्रम रखा गया था. पिछले कुछ माह से समाज के हर वर्ग के लोग तैयारी में जुटे थे और इसमें शामिल होने के लिये सर्व समाज के ऐसे जोड़ों की तलाश में जुटे थे जिनको आर्थिक रूप से दिक्कत हो, जिन्हें सामाजिक प्रभाव न होने के कारण समस्या आ रही हो अथवा जिनके माता-पिता न हो और वे अपने विवाह को लेकर चिंतित हो.

भैसासुर महाराज धाम के पण्डाजी नारायण प्रसाद नागर ने बताया कि इस पुण्य कार्य में ग्राम पीपलहेला के साथ ही आसपास क्षेत्र के ग्रामिणों, विभिन्न समाज के लोगो, सभी जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग, स्नेह, मार्गदर्शन मिला. सभी के सहयोग की बदोलत ही हम 118 जोड़ों का विशाल नि:शुल्क विवाह सम्मेलन करने में सफल हो पाए.

विवाह सम्मेलन का यह आयोजन एक अनुपम मिसाल बन गया. सर्व समाज के लिए आयोजित इस महा आयोजन में विशेष रूप से उन बेटियों का नि:शुल्क विवाह हुआ जिनके सिर पर माता या पिता का साया नहीं है अथवा जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर परिवारों से है.

### विवाह के पहले कॅरियर को प्राथमिकता

पीपलहेला स्थित भैसासुर महाराज धाम पर रविवार को नि:शुल्क विवाह सम्मेलन में अपने पंजीयन के बाद भी चार जोड़े शामिल नहीं हुए. जानकारी के अनुसार इन चार जोड़ों में शामिल युवाओं को नीट परीक्षा देना थी. संयोग से परीक्षा की तिथि भी रविवार को होने से उन्होंने पहले अपने केरियर को चुना. इसके अतिरिक्त 6 परिवारों में गमी होने तथा अन्य कुछ जोड़े विभिन्न कारणों से शामिल नहीं हो सके. कुल मिलाकर आयोजनकर्ताओं ने 151 जोड़ों का लक्ष्य रखा था लेकिन विभिन्न कारणों के कारण पंजीयन होने के बावजूद पूरे जोड़े शामिल नहीं हुए. कुल 118 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे. यह जोड़े सभी समाज, सभी जाति,वर्ग के थे. सभी ने इस आयोजन को अद्भुत बताया.

### बड़ी संख्या में कन्यादान करने पहुंचे लोग

विवाह सम्मेलन के आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर कन्यादान करते हुए वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया. नगर सहित जिले भर से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक विवाह सम्मेलन में पहुंचे तथा इस आयोजन की सराहना की. समारोह में सांसद रोडमल नागर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर नव युगलों को शुभाशीष दी.





# खोयरी और जालपा की परिक्रमा कर रहा चीता

## जिला मुख्यालय से 6 किमी की परिधि में जारी है मूवमेंट

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 03 मई, का. कूनो नेशनल पार्क से चलकर कालीपीठ के रास्ते जिले में पहुंचे चीता केपी-3 राजगढ़ नगर के आसपास अपनी मूवमेंट बनाए हुए है. चीता करीब 3 दिन पहले जिले की सीमा में राजस्थान से होकर कालीपीठ से पहुंचा था. इसके पूर्व शनिवार को उसने शहर के बाड़िया और रावतपुरा गांव के रास्ते पर अपनी मूवमेंट बनाई थी.**

पिछले तीन दिनों से चीता करीब इसी 5-6 किमी के क्षेत्र में अपनी चहलकदमी कर रहा है. शनिवार रात वह राजगढ़ शहर बाड़िया से निकलकर रावतपुरा गांव की ओर बढ़ा और यहां से राजस्थान सीमा की ओर उसने चलना प्रारंभ किया था. ट्रैकर डिवाईस रूट के अनुसार वह पुन: खोयरी की ओर बढ़ा और रविवार सुबह होते होते वह खोयरी के जंगलों में पहुंच गया.

### खोयरी में आराम, शाम को जालपा क्षेत्र पहुंचा

दिन भर चीता केपी-3 खोयरी के वन्य क्षेत्र में आराम करता रहा. क्योंकि वह दिन में मूवमेंट नहीं कर रहा है. इसलिए रविवार को दिन भर आराम करने के बाद शाम को उसने अपनी मूवमेंट शुरू की और शाम को समाचार लिखे जाने तक वह जालपा पहाड़ी के पीछे जंगलों में नजर आया. देर शाम तक उसकी मूवमेंट उसी दिशा में रही है. चीते ने अपना मूवमेंट एरिया पिछले तीन दिनों से एक पार्टिकुलर पांच से 6 किलोमीटर के क्षेत्र को बना रखा है. हालांकि एक समय ऐसा भी आया जब जीपीएस ट्रैकर डिवाइस पर उसकी मूवमेंट आना बंद हो गई थी. तब स्थानीय वन विभाग और कूनो नेशनल पार्क की टीम ने उसे मैन्युअल ट्रैक करने का प्रयास किया. लेकिन कुछ ही समय के बाद ट्रैक्टर पर उसकी मूवमेंट फिर से नजर आई.

# मिट्टी के ढेर से टकराकर पलटी अर्टिगा, महिला की मौत

## ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा



**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ 03 मई, सं. रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के लगभग नलखेड़ा से लौट रही एक अर्टिगा कार गादिया स्कूल ओवर ब्रिज के पास ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मिट्टी के ढेर पर चढ़ गई. जिसके कारण वाहन दो तीन पलटी मार कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया.**

इस हादसे में वाहन में सवार एक महिला की मौत हो गई वही आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए. जिनमे गम्भीर घायलों को भोपाल रेफर किया गया है. घायलों में 2 लोगो की हालत गंभीर बनी हुई है.

मृतक महिला की पहचान मनीषा (32 वर्ष) पिता सेवकराम यादव, निवासी रायसेन के रूप में हुई है. हादसे में चालक आरक्षक लोकेश नरगेस भी घायल हुए हैं.

इसके अलावा चंद्रेश प्रताप भगवती शर्मा (40 वर्ष) को बाएं हाथ में गंभीर फ्रैक्चर होने से तथा भीम सिंह प्रजापति (44 वर्ष) को सिर में गंभीर चोट लगने पर भोपाल रेफर किया गया है. अन्य घायलों में सरस्वती प्रजापति (42 वर्ष), कृष्णा प्रजापति (13 वर्ष), हल्के कुशवाहा (80 वर्ष), धन सिंह (76 वर्ष), मुन्नी बाई यादव (65 वर्ष), प्रतिभा यादव (40 वर्ष) तथा 8 माह का मासूम पार्थ यादव शामिल हैं.

सभी घायल रायसेन निवासी बताए गए हैं. हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# राजगढ़ में जनगणना तैयारियां तेज

**राजगढ़ 03 अप्रैल, का.** जिले में जनगणना के तहत मकान सूचीकरण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इस कार्य के लिए कुल 23 चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिनमें 9 ग्रामीण (तहसील स्तर) और 14 नगरीय स्तर के अधिकारी शामिल हैं. ग्रामीण क्षेत्र के 1723 ग्रामों में 2564 जनगणना ब्लॉक बनाए गए हैं, जबकि नगरीय क्षेत्र के 219 वार्डों में 479 ब्लॉक तैयार किए गए हैं. इस कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 2150 प्रगणक एवं 345 सुपरवाइजर तथा नगरीय क्षेत्र में 526 प्रगणक एवं 103 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं. सभी प्रगणकों और सुपरवाइजर्स को 1 अप्रैल से 23 अप्रैल के बीच तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है.

# उत्साह के साथ खेल प्रशिक्षण शिविर में आ रहे बच्चे

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में खेलों की बारीकियां सीख रहे

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 03 मई, का. विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण देते हुए उनकी बारीकियों से अवगत कराने 1 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नगर के क्लब ग्राउण्ड मैदान पर किया जा रहा है. प्रशिक्षण शिविर में बच्चे काफी उत्साह के साथ भाग लेते हुए खेलों की बारीकियों को सीख रहे है.**



शालेय शिक्षा विभाग एवं खेल युवक कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 से 31 मई तक संचालित किया जा रहा है.

शहीद कॉलोनी स्थित क्लब ग्राउण्ड मैदान पर सुबह 6 से 8 तथा शाम को 5 से 7 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है. शिविर में फुटबाल, व्हालीवाल, क्रिकेट, बेडमिंटन, जूडो, एथीलेटिक्स खेलों का खेल शिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है. खेल प्रशिक्षण शिविर के प्रारंभिक दिनों में लगभग 80 बच्चे आ रहे है.

# 1.64 लाख मीट्रिक टन से अधिक उपार्जन

## ई-उपार्जन की समीक्षा, केन्द्रों को मुस्तैद रखने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 03 मई, का. जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में पंजीकृत किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से जारी है. जिले में कुल 108 खरीदी केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां किसानों से व्यवस्थित तरीके से उपार्जन किया जा रहा है.**

वर्तमान स्थिति के अनुसार जिले के 42,256 किसानों से अब तक 1,64,957 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है. उपार्जित गेहूं का लगभग 94.37 प्रतिशत परिवहन किया जा चुका है, जबकि 97.19 प्रतिशत के लिए स्वीकृति पत्रक जारी किए जा चुके हैं. जिला प्रशासन द्वारा असामयिक वर्षा की संभावना को देखते हुए खरीदी केंद्रों पर आवश्यक सावधानियां बरती गई हैं.

केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि खरीदे गए गेहूं को तिरपाल एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से सुरक्षित रखा जाए. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब तक किसी भी खरीदी केंद्र से गेहूं खराब होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है. खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है. किसानों से अपील की गई है कि स्लॉट प्राप्त होने पर ही संबंधित समिति प्रबंधक से संपर्क कर अपनी बारी में उपज लेकर केंद्र पर पहुंचे, जिससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके और व्यवस्था सुगम बनी रहे.



# कंटेनर की टक्कर से मरे व्यक्ति की पहचान हुई

## श्यामजी विहार गांव के बृजमोहन कुशवाह के रूप में हुई शिनाख्त

**नवभारत न्यूज**
**नरसिंहगढ़ 03 मई, सं. गत दिवस सड़क हादसे में कंटेनर की चपेट में आने से मौत का शिकार हुए शख्स की पहचान श्यामजी बिहार निवासी बृजमोहन कुशवाह के रूप में हुई है. वे हादसे के दौरान कईं फीट तक घसीटते चले गए थे.मृतक का नाम बृजमोहन कुशवाह है जो कि मंडी में सब्जी बेचने का काम करते थे.**

नेशनल हाईवे पर शनिवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हुआ था. जिसमें बाइक सवार बृजमोहन कुशवाह (48) श्यामजी बिहार को गुर्जर ढाबे के सामने बोड़ा जोड़ पर तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी थी. टक्कर के बाद कंटेनर बाइक सवार को करीब 100 फीट तक घसीटता ले गया. इस हादसे में बृजमोहन कुशवाह का शरीर बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई. उनका एक हाथ का पंजा अलग होकर सड़क पर गिर गया था, जबकि दोनों पैर कुचल गए थे. घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया. बृजमोहन कुशवाह नरसिंहगढ़ मंडी में सब्जी बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे और रोजी-रोटी के लिए मंडी आते थे. बृजमोहन अपने पीछे पत्नी फुलमती बाई, एक बेटा उदय और तीन बेटियां किरण, शिवानी और सपना छोड़ गए हैं. वह परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कंटेनर चालक की तलाश शुरू कर दी है.

### आपस में टकराई बाइक, एक घायल

**खिलचीपुर 03 मई, सं.** शनिवार रात सड़क हादसे में दो मोटरसाईकिलें आपस में टकरा गई. दुर्घटना में ग्राम फुलखेड़ी निवासी चौकीदार मांगीलाल वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है. मांगीलाल वर्मा पिता अनार सिंह रघुनाथपुरा गांव में चौकीदारी करते हैं. टक्कर इतनी भीषण थी कि मांगीलाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से चोटिल हो गए. जानकारी के अनुसार, मांगीलाल वर्मा शनिवार रात अपने गांव फुलखेड़ी की ओर जा रहे थे. रघुनाथपुरा जोड़ के पास सामने से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार बाइक सवार से उनकी सीधी टक्कर हो गई. हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक और बैग मौके पर छोड़कर फरार हो गया. अस्पताल में ईलज कर रहे डॉक्टर सुमित सिंगी के अनुसार घायल के सिर की हड्डी में फ्रैक्चर पाया गया है.

**कार्यवाही** ▶ **शराब को बढ़ावा देने वाली मदिरा दुकान पर बनाया प्रकरण**

# एमएसपी से कम दाम में शराब बेचने पर आबकारी सख्त

**नवभारत न्यूज**
**सारंगपुर 03 मई, सं. मध्यप्रदेश आबकारी आयुक्त के निर्देश पर सारंगपुर क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध मदिरा विक्रय और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ बडी कार्रवाई की गई है. कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश लाल के मार्गदर्शन में लाइसेंसी शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें पचोर स्थित एक दुकान को न्यूनतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) के नियमों का उल्लंघन करते पाया गया.**

औचक निरीक्षण से मचा हडकंप

सहायक जिला आबकारी अधिकारी शैलेंद्र वर्मा के नेतृत्व में सारंगपुर आबकारी विभाग की टीम ने क्षेत्र की विभिन्ना लाइसेंसी दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया. इस दौरान वृत्त प्रभारी सारंगपुर, सौरभ कनासे ने कंपोजिट मदिरा दुकान पचोर लाइसेंसी ईशान शिवहरे की जांच की. विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि इस दुकान पर तयशुदा न्यूनतम मूल्य से कम दाम पर मदिरा का विक्रय किया जा रहा है, जिससे बाजार की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा प्रभावित हो रही थी और शराब पीने वालो को भी बड़ावा मिल रहा था.



### नियमों की अनदेखी पर विभागीय प्रकरण दर्ज

जांच के दौरान शिकायतों की पुष्टि होने पर आबकारी अधिकारियों ने तत्काल एक्शन लिया. निर्धारित न्यूनतम मूल्य से कम दर पर मदिरा बेचने के आरोप में दुकान के खिलाफ विभागीय प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा निर्धारित मूल्य सीमाओं का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा.

### लाइसेंसियों को सख्त हिदायत, नियमों का करें पालन

कार्रवाई के पश्चात कनासे ने सभी लाइसेंसी संचालकों को कडे शब्दों में चेतावनी दी है. उन्होंने निर्देशित किया कि मदिरा दुकानों का संचालन आबकारी अधिनियम 1915 और समय-समय पर शासन द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार ही होना चाहिए. मूल्य नियंत्रण, सार्वजनिक अनुशासन, आयु सीमा, स्टॉक का मिलान, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए.

कनासे ने साफ कर दिया है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा. यदि भविष्य में किसी भी दुकान पर नियमों की अनदेखी, अवैध स्टॉक या मूल्य संबंधी अनियमितता पाई जाती है, तो उनके खिलाफ न केवल भारी जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि आबकारी नियमों के तहत लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जा सकती है. इस कार्रवाई के दौरान सारंगपुर आबकारी वृत्त का स्टाफ मौजूद रहा. विभाग की इस सक्रियता से नियम विरुद्ध शराब बेचने वाले संचालकों में हडकंप का माहौल है.